एक नजर


जिला उद्योग बन्धु की बैठक आज

बहराइच। उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केन्द्र केशवराम वर्मा ने बताया कि 26 नवम्बर 2026 को अपरान्ह 03:00 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में उद्योग बन्धु समिति एवं एम.ओ.यू. से सम्बन्धित निवेशको की बैठक आहूत की गई है। उपायुक्त उद्योग ने जिले के उद्यमियों, व्यापारियों, निर्यातकों एवं निवशकों से अपेक्षा की है कि बैठक में समय से उपस्थित होकर अपनी समस्याओं से समिति को अवगत करायें।

कल आयोजित होगा माँ पाटेश्वरी शक्ति संवाद कार्यक्रम

बहराइच। मुख्य राजस्व अधिकारी सौरभ दुबे ने बताया कि आयुक्त देवीपाटन गोण्डा दुर्गा शक्ति नागपाल के निर्देश पर माह नवम्बर 2026 के चुतर्थ शुक्रवार को जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में जिलाधिकारी के कार्यालय कक्ष में मध्यान्ह 12:00 बजे से अपरान्ह 02:00 बजे तक माँ पाटेश्वरी शक्ति संवाद के तहत महिलाओं की विशेष जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित होगा। चुतर्थ शुक्रवार को आयोजित होने वाले विशेष जनसुनवाई कार्यक्रम हेतु सचिव, कृषि उत्पादन मण्डी समिति बहराइच को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। जबकि नोडल अधिकारी के सहायक के रूप में जिला प्रोबेशन अधिकारी व प्रभारी निरीक्षक, महिला थाना को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

मतदाता सूची में नाम जुड़वाने और जनगणना में स्वगणना करने की अपील



कैसरगंज ,बहराइच। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में मतदाता सूची को त्रुटिरहित एवं अद्यतन बनाने के उद्देश्य से प्रशासन ने ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता अभियान तेज कर दिया है। इसी क्रम में तहसीलदार दुर्गेश कुमार यादव ने ग्राम पंचायत वैरीमहेशपुर, वैराकाजी सहित क्षेत्र के दर्जनों गांवों में पहुंचकर बूथों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बूथ लेवल अधिकारियों के साथ गांव-गांव और घर-घर जाकर मतदाता सूची से संबंधित कार्यों की जानकारी ली।तहसीलदार ने ग्रामीणों से संवाद करते हुए अपील की कि जिन पात्र नागरिकों का नाम अभी तक मतदाता सूची में शामिल नहीं है, वे अपना नाम दर्ज कराने के लिए निर्धारित प्रक्रिया के तहत आवेदन करें। साथ ही मतदाता सूची में नाम, पता एवं अन्य विवरणों में किसी प्रकार की त्रुटि होने पर उसे समय रहते ठीक कराने के लिए भी जागरूक किया।इस दौरान उन्होंने जनगणना 2027 के तहत स्वगणना सेल्फ एन्यूमरेशन के महत्व की जानकारी देते हुए लोगों से स्वयं ऑनलाइन स्वगणना प्रक्रिया पूरी करने की अपील की। उन्होंने बताया कि जनगणना में प्रत्येक परिवार की सही जानकारी दर्ज होना आवश्यक है, जिससे सरकारी आंकड़े सटीक बन सकें और योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन में सहायता मिले।निरीक्षण के दौरान लेखपाल पवन कुमार चौहान सहित संबंधित बूथ लेवल अधिकारी मौजूद रहे।

कार्तिक पूर्णिमा के दूसरे दिन गिरन्ट के रानी कोठार पर लगा मेला

गिरन्ट बाजार श्रावस्ती। जनपद के थाना हरदत्त नगर गिरन्ट में हर साल की भांति इस वर्ष भी कार्तिक पूर्णिमा के दूसरे दिन हरदत्त सिंह राजा के नाम से रानी कोठार मंदिर पर लगने वाला नहान मेला का आयोजन हुआ। जिसमें दूर दराज से बुढ़े , महिला/ पुरूष बच्चों ने मेले में पहुंचकर खिलौने खरीदें और झूला झूला नेट जाल पर जम्पिंग लगाते नजर आए। बुर्जुगों ने डली काटने के सरौता खरीदा तो सबसे अधिक बच्चों ने मेले में ट्रेन गाडी में बैठकर लुफ्त उठाया। मेले में लगी डांस प्रोग्राम का भी आनंद दूर दराज से आए युवाओं ने उठाया। मेला सुरक्षा एवं अराजक तत्वों के साथ सड़क सुरक्षा सहित मेला में शांति सुरक्षा व्यवस्था को सम्पन्न कराने के लिए थाना अध्यक्ष गौरव सिंह पुलिस दल बल के साथ हर क्षेत्र पर पैनी नजर बनाते नजर आए।

साक्षरता शिविर आयोजित

श्रावस्ती। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार 'संविधान संवाद कार्यक्रम के अंतर्गत माननीय रमेश चंद्र-प्रथम, जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्रावस्ती के निर्देशन में तथा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रावस्ती, श्रीमती अनुप्रिया के मार्गदर्शन में केन्द्रीय विद्यालय, भिनगा, श्रावस्ती में आज दिनांक 25.11.2026 को 'संविधान से संवाद' विषय पर एक विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकण, श्रीमती अनुप्रिया ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए संविधान की प्रस्तावना, मौलिक अधिकारों एवं कर्तव्यों तथा अधिकारों के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं को संविधान के प्रति जागरूक रहने एवं अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया।

मुकदमा दर्ज

श्रावस्ती । थाना मल्हीपुर क्षेत्र अन्तर्गत सोमवार रात विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के मामले मे मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर अतिरिक्त दहेज के लिए प्रताड़ित करने और हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने बताया कि पिता की शिकायत पर पति लवकुश, ससुर पुत्तन, सास गुरगा और एक अन्य व्यक्ति के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।बहराइच के रुपईडीहा थाना क्षेत्र के सुमेरपुर गांव के मजरा कन्हरा निवासी मृतक के पिता रामफेरन ने बताया कि करीब आठ महीने पहले अपनी बेटी निशा (20) की शादी श्रावस्ती के ओदाही गांव निवासी लवकुश से की थी। सोमवार रात निशा की मौत की सूचना मिलने पर मायके पक्ष के लोग ससुराल पहुंचे और पुलिस को जानकारी दी। पिता रामफेरन का आरोप है कि उन्होंने शादी में अपनी हैसियत के मुताबिक दहेज दिया था। इसके बावजूद लवकुश कारोबार के लिए अतिरिक्त रुपये मांगता था।

गिरंट वन में एक वनरक्षक , जंगल की सुरक्षा भगवान भरोसे

गिरंट बाजार श्रावस्ती। विकास क्षेत्र जमुनहा के थाना हरदत्त नगर गिरंट क्षेत्र में दो टुकड़ों में फैला बेशकीमती साखू सागौन सहित अन्य प्रजाति के पेड़ों की सुरक्षा भगवान भरोसे हो गयी। पूरे वनों की रक्षा सुरक्षा के लिए केवल एक वनरक्षक ही तैनात हैं। जिसके कंधे पर सुजान डीह बीट जंगल व औसानकुंडी बीट जंगल की रक्षा सुरक्षा है। जबकि दो माह पहले आंधी चक्रवात में ग्रामीण क्षेत्र सहित जंगल में पेड़ों को दैवीय आपदा आंधी तूफान में भारी नुक्सान हुआ है।

मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिये राजनीतिक दल भी करें सहयोग



गोण्डा। मतदाता सूची को त्रुटिरहित और अद्यतन बनाने के साथ कोई भी पात्र नागरिक मतदान के अधिकार से वंचित न रहे, इसके लिए जिला प्रशासन ने राजनीतिक दलों से सक्रिय सहयोग की अपील की है। मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रमेश रंजन की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ बैठक हुई। इसमें विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान को प्रभावी बनाने और अधिक से अधिक पात्र नागरिकों के नाम मतदाता सूची में शामिल कराने पर चर्चा की गई।बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के दौरान दावे और आपत्तियां प्राप्त करने की निर्धारित अवधि बेहद महत्वपूर्ण है। इस दौरान सभी अर्ह नागरिकों के नाम निर्वाचक नामावली में दर्ज कराए जाएं, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति अपने मताधिकार से वंचित न रहे।उन्होंने राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों से अपील की कि वे अपने-अपने बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) के माध्यम से पात्र एवं छूटे हुए मतदाताओं को चिह्नित कराएं और उनका फार्म-6 भरवाने में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में नए नाम शामिल कराने के लिए नागरिकों को जागरूक करना प्रशासन के साथ राजनीतिक दलों की भी सामूहिक जिम्मेदारी है।डीएम ने पुनरीक्षण कार्य से जुड़े अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्राप्त दावों एवं आपत्तियों का निर्धारित प्रक्रिया और समयसीमा के भीतर नियमानुसार निस्तारण किया जाए। उन्होंने प्रशासन, निर्वाचन तंत्र और राजनीतिक दलों के बीच बेहतर समन्वय पर जोर देते हुए कहा कि सभी के साझा प्रयासों से ही शुद्ध एवं पारदर्शी मतदाता सूची तैयार की जा सकती है।

एपीओ की वापसी और मानदेय को लेकर मनरेगा कर्मचारियों का प्रदर्शन

गोण्डा। साथी अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी (एपीओ) की वापसी और लंबित मानदेय के भुगतान की मांग को लेकर मनरेगा कर्मचारियों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। बुधवार को कर्मचारियों ने विकास भवन स्थित डीसी वीबी-जी-राम-जी कार्यालय का घेराव कर विरोध प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने एपीओ गिरिजेश कुमार पांडेय के खिलाफ की गई कार्रवाई वापस लेने और रोका गया मानदेय तत्काल जारी करने की मांग उठाई। साथ ही मांगें पूरी न होने पर 28 नवंबर से भूख हड़ताल शुरू करने की चेतावनी दी।अखिल भारतीय मनरेगा वीबी-जी-राम-जी कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबू हेमवन्त राव ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा गिरिजेश कुमार पांडेय पर की गई कार्रवाई वापस लेने की मांग की है। उनका आरोप है कि भावनाओं की अभिव्यक्ति के मामले में गिरिजेश कुमार पांडेय को जिला मुख्यालय से संबद्ध कर दिया गया। इस कार्रवाई से मनरेगा कर्मचारियों में नाराजगी है।बुधवार को विकास भवन परिसर में एकत्र कर्मचारियों ने आगे की आंदोलनात्मक रणनीति भी तैयार की। पदाधिकारियों के मुताबिक, अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि 27 नवंबर को मुख्यमंत्री के आगमन के बाद मामले में सकारात्मक पहल की जाएगी। कर्मचारियों ने स्पष्ट किया कि यदि 27 नवंबर के बाद भी गिरिजेश कुमार पांडेय की वापसी नहीं हुई तो 28 नवंबर से सभी कर्मचारी भूख हड़ताल पर बैठेंगे।महासंघ ने संबद्धता आदेश निरस्त करने, लंबित मानदेय जारी करने और कर्मचारियों का उत्पीड़न बंद करने की मांग की है। वहीं, ग्राम रोजगार सेवक संघर्ष मोर्चा के जिला संयोजक अजय तिवारी और फूलचन्द चौहान ने बताया कि 27 नवंबर को गांधी पार्क से कलेक्ट्रेट तक पैदल मार्च निकाला जाएगा। इसके बाद जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा जाएगा।प्रदर्शन के दौरान मुकेश कुमार तिवारी, पाटेश्वरी प्रसाद वर्मा, अजय कुमार, ललित श्रीवास्तव, विनोद कुमार आर्य, संदीप सिंह और महाजन प्रसाद विश्वकर्मा सहित कर्मचारी मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री के टैबलेट वितरण कार्यक्रम की तैयारियों में जुटा प्रशासन

गोण्डा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 27 नवंबर को प्रस्तावित टैबलेट वितरण कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। मंगलवार को जिलाधिकारी रमेश रंजन ने टामसन इंटर कॉलेज पहुंचकर कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं की प्रगति परखी। उन्होंने मंच, अतिथियों एवं लाभार्थियों के बैठने की व्यवस्था सहित अन्य जरूरी इंतजामों का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों से कार्यक्रम की तैयारियों की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी व्यवस्थाएं निर्धारित समय से पहले पूरी कर ली जाएं। कार्यक्रम स्थल पर साफ-सफाई, बैठने की व्यवस्था और अन्य आवश्यक सुविधाओं में किसी प्रकार की कमी नहीं रहनी चाहिए।

डीएम ने अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने तथा कार्यक्रम को सुव्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक संपन्न कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि तैयारियों में किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

निरीक्षण के दौरान मुख्य राजस्व अधिकारी, सिटी मजिस्ट्रेट, एसडीएम सदर सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

खरीदी गयी जमीन देखने पहुंचे लोगों पर हमला, चार गंभीर घायल

गोण्डा। कौड़िया थाना क्षेत्र के मंगल नगर में खरीदी गई जमीन देखने पहुंचे लोगों पर सात आरोपियों ने कथित तौर पर लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से हमला कर दिया। अचानक हुए हमले में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने सात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।कौड़िया थाना क्षेत्र के इमिलिया छीटू गांव निवासी भानुदत्त ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उन्होंने करीब तीन सप्ताह पहले मंगल नगर निवासी गुड़िया पत्नी संतराम से वहां की एक भूमि का बैनामा कराया था। बुधवार को वह अपने साथियों के साथ खरीदी गई जमीन देखने पहुंचे थे। आरोप है कि इसी दौरान बहराइच जिले के विशेश्वरगंज थाना क्षेत्र के गेन्धरिया निवासी अनरुद्ध यादव व पिंटू, चोलपुरवा निवासी पुत्ती तथा मंगल नगर के लालकपुरवा निवासी तिरखा व कृपा और वीरपुर भोज निवासी सालिकराम व रामतेज वहां पहुंच गए। सभी ने गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से हमला कर दिया। हमले में भानुदत्त, आदर्श तिवारी, संगमलाल और राजेश कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद पीड़ित पक्ष ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की।

चुनावी तैयारियों का मंत्र, बूथ स्तर तक सक्रियता बढ़ाने पर हुई चर्चा

बलरामपुर।आगामी 2027 विधान सभा चुनाव को लेकर भाजपा ने संगठनात्मक तैयारियों को गति देना शुरू कर दिया है। तुलसीपार्क स्थित भाजपा जिला कार्यालय अटल भवन पर पार्टी के राष्ट्रीय मंत्री, सह-प्रभारी उत्तर प्रदेश भाजपा एवं झारखंड से राज्यसभा सांसद प्रदीप कुमार वर्मा की मौजूदगी में संगठनात्मक बैठक हुई। बैठक में चुनावी तैयारियों, संगठन की मजबूती और बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं की सक्रियता बढ़ाने को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा ने किया।मुख्य अतिथि प्रदीप कुमार वर्मा ने कहा कि भाजपा का मजबूत संगठन और समर्पित कार्यकर्ता पार्टी की सबसे बड़ी पूंजी हैं। आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत बनाने में जुटें। जनता के बीच निरंतर संपर्क, सरकार की योजनाओं की जानकारी और पार्टी की विचारधारा को प्रभावी ढंग से पहुंचाना संगठन की प्राथमिकता होनी चाहिए। कार्यकर्ताओं से आपसी समन्वय और जिम्मेदारी के साथ संगठनात्मक गतिविधियों को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। क्षेत्रीय मंत्री गौरव भाटिया ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव के लिए अभी से संगठनात्मक सक्रियता बढ़ाने और बूथ स्तर पर मजबूत तैयारी करने की आवश्यकता है। कार्यकर्ता जनता के बीच रहकर उनकी समस्याओं, अपेक्षाओं और सुझावों से जुड़ें। संगठन की एकजुटता, कार्यकर्ताओं का परिश्रम और जनसंवाद आगामी चुनाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। बैठक में जिला प्रभारी राज किशोर मौर्य, जिलाध्यक्षरविमिश्रा, पूर्व जिलाध्यक्ष चन्द्र प्रकाश सिंह गुड्डू, पूर्व जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यसमिति

शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

गोण्डा। शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म करने के मामले में फरार चल रहे आरोपी को कोतवाली देहात पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम ने आरोपी के श्रावस्ती स्थित घर पर दबिश देकर उसे पकड़ा। आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी करने के बाद आरोपी को न्यायालय रवाना कर दिया गया।

पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपी की पहचान नूर आलम निवासी प्यारेपुर, मौजा लक्खी भारी, थाना गिलौला, जनपद श्रावस्ती के रूप में हुई है। उसके खिलाफ कोतवाली देहात में मुकदमा दर्ज कराया गया था।

आरोप है कि बीते 30 मई को आरोपी युवती को बहला-फुसलाकर बलरामपुर ले गया। इसके बाद उसे श्रावस्ती स्थित एक होटल में ले जाकर शादी का झांसा दिया और उसके साथ दुष्कर्म किया। मामले में मुकदमा दर्ज होने के बाद से आरोपी फरार चल रहा था।

देहात कोतवाल शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने आरोपी के घर पर दबिश देकर उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में अतिरिक्त निरीक्षक श्रवण कुमार वर्मा और आरक्षी अनमोल तिवारी शामिल रहे।

जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने सीताद्वार में लगे मेले का रात्रि में किया भ्रमण



श्रावस्ती। कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर विकास खण्ड इकौना के अन्तर्गत सीताद्वार मंदिर में आयोजित पांच दिवसीय मेले में श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा एवं सुचारु आवागमन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मनोज कुमार राय एवं पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी ने मंगलवार को रात्रि में सम्पूर्ण मेला क्षेत्र का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान उन्होने श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु की गई व्यवस्थाओं, साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था तथा घाट पर की गई तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न होने पाए तथा सभी व्यवस्थाएं पूरी तरह सुव्यवस्थित रहें। जिलाधिकारी ने कहा कि कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर सीताद्वार में बड़ी संख्या में श्रद्धालु मेले में पहुंचते हैं। ऐसे में सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें और श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दे। उन्होंने साफ-सफाई एवं पेयजल की समुचित व्यवस्था बनाए रखने तथा मेले में निरंतर निगरानी रखने के निर्देश दिए।पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सतर्कता के साथ ड्यूटी करने के निर्देश दिए। उन्होंने भीड़ प्रबंधन, यातायात व्यवस्था तथा संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखने पर जोर दिया, ताकि मेले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनी रहे। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने उपजिलाधिकारी इकौना एवं अन्य संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि मेले के दौरान सभी व्यवस्थाएं निरंतर व्यवस्थित रखी जाएं तथा श्रद्धालुओं की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए।

एक नजर

समिति में उर्वरक बिक्री की छह लाख रुपये की धनराशि रोकी, सचिव को नोटिस

अम्बेडकरनगर। सहकारी समिति अन्नावा में उर्वरक नहीं मंगाए जाने की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी के निर्देश पर उप कृषि निदेशक सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता तथा जिला प्रबंधक पीसीएफ ने कटेहरी विकासखंड स्थित सहकारी समिति अन्नावा की जांच की। जांच के दौरान समिति के प्रभारी सचिव संदीप दुबे द्वारा उर्वरक बिक्री के बाद प्राप्त करीब छह लाख रुपये की धनराशि बैंक में जमा नहीं किए जाने का मामला सामने आया।धनराशि रोककर रखे जाने के कारण समिति में उर्वरक की आपूर्ति नहीं हो पा रही थीए जिससे किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। मामले में प्रभारी सचिव संदीप दुबे को नोटिस जारी कर समस्त धनराशि दो दिन के भीतर बैंक में जमा करने तथा तत्काल उर्वरक मंगवाने के निर्देश दिए गए हैं।सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता ने चेतावनी दी है कि निर्धारित समयसीमा में धनराशि जमा नहीं की गई तो संबंधित प्रभारी सचिव के विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट ;एफ्आईआरद्ध दर्ज कराई जाएगी।

संयुक्त मजिस्ट्रेट ने पीओ नेडा के साथ किया निरीक्षण, स्कूलों से लेकर पंचायत भवन तक सोलर सिस्टम लगाने की योजना



अम्बेडकरनगर। मॉडल सोलर विलेज योजना के तहत चयनित अकबरपुर तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत सोनगांव को सौर ऊर्जा आधारित सुविधाओं से विकसित करने की पहल शुरू हो गई है। गांव में विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर सोलर पैनल सोलर आरओ वाटर सिस्टम और हाईमास्ट लाइट स्थापित करने की कार्ययोजना के मद्देनजर संयुक्त मजिस्ट्रेट थनिगईयरसन टीण् ने पीओ नेडा के साथ विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान गांव के तीन विद्यालयों आयुष्मान आरोग्य मंदिर सामुदायिक शौचालय तथा पंचायत भवन पर रूफ्टॉप सोलर पैनल स्थापित किए जाने के लिए स्थलों की उपयुक्तता और जरूरी व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। इन स्थानों पर सौर ऊर्जा आधारित आरओ वाटर सिस्टम स्थापित करने की योजना पर भी विचार किया गया जिससे ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल की सुविधा उपलब्ध हो सके।योजना के तहत ग्राम पंचायत में सोलर हाईमास्ट लाइट लगाने के साथ ही स्वयं सहायता समूहों को सौर ऊर्जा से संचालित मशीनें उपलब्ध कराने की भी तैयारी है। इससे समूहों की आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलने के साथ बिजली पर निर्भरता कम करने और सार्वजनिक सुविधाओं को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी।मॉडल सोलर विलेज के रूप में सोनगांव को विकसित करने की यह पहल ग्रामीण क्षेत्र में स्वच्छ एवं वैकल्पिक ऊर्जा के मॉडल सोलर विलेज के रूप में सोनगांव को विकसित करने की यह पहल ग्रामीण क्षेत्र में स्वच्छ एवं वैकल्पिक ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देने के साथ टिकाऊ विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

भाजपा सरकार में विकास और विरासत दोनों को मिला सम्मान - धर्मेंद्र सिंह



अम्बेडकरनगर। भाजपा सरकार ने विकास और विरासत दोनों को संवारने का काम किया है। 2017 के पहले प्रदेश में कब्रिस्तान की बाउंड्री सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल थीए जबकि भाजपा सरकार बनने के बाद पूरे प्रदेश में करीब 50 हजार मठ मंदिर और गुरुद्वारों का जीर्णोद्धार कराया गया। यह बातें भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधान परिषद सदस्य डॉण् धर्मेंद्र सिंह ने टांडा और अकबरपुर विधानसभा क्षेत्र में वर्तमान व पूर्व पार्टी पदाधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कांवड़ यात्रा के दौरान पहले व्यवधान और पत्थरबाजी की घटनाएं होती थीं लेकिन अब कांवड़ यात्रियों पर फूल बरसाकर स्वागत किया जाता है। भाजपा का स्पष्ट मत है कि सम्मान सबका और तुष्टीकरण किसी का नहीं।उन्होंने कहा कि 2017 के पहले प्रदेश में गुंडा.माफ्रिया का प्रभाव था लेकिन योगी आदित्यनाथ सरकार में कानून का राज स्थापित हुआ है। प्रयागराज में अतीक अहमद के आतंक और कथित गुंडा टैक्स का जिक्र पहले लोगों को भय के माहौल में काम करना पड़ता था लेकिन अब प्रदेश में कानून व्यवस्था मजबूत हुई है। उन्होंने अलंकार योजना के तहत एडेड विद्यालयों के भवनों के सुधार सरकारी नौकरियों में पारदर्शिता तथा बिना भेदभाव युवाओं को अवसर मिलने का दावा करते हुए कहा कि प्रदेश में अब तक करीब साढ़े नौ लाख युवाओं को सरकारी नौकरी मिली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की विदेशों में साख भी मजबूत हुई है।

ग्रामीण परेशान, जिम्मेदार अधिकारी बने मौन

अम्बेडकरनगर। ग्रामीण अंचलों में आम जनमानस को बेहतर बैंकिंग सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जगह.जगह ग्रामीण बैंक की शाखाएं खोली गई हैंए लेकिन इन शाखाओं में व्याप्त अव्यवस्थाएं ग्रामीणों के लिए परेशानी का सबब बनती जा रही हैं। कहीं नेटवर्क की समस्या तो कहीं नकदी की उपलब्धता नहीं होने और कई बार शाखा प्रबंधक व कर्मचारियों के अनुपस्थित रहने से बैंकिंग कार्य प्रभावित हो रहे हैं। ऐसे में ग्रामीणों को जरूरी बैंकिंग कार्यों के लिए बार.बार शाखाओं का चक्कर लगाना पड़ रहा है।

पुनरीक्षण अभियान में सहयोग प्रदान करने की राजनैतिक दलों से अपील



बहराइच । भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2027 के सम्बन्ध में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने उपस्थित राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को बताया की अर्हता तिथि 01 जनवरी 2027 के आधार पर संचालित पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत 17 नवम्बर 2026 को मतदाता सूची के आलेख्य का प्रकाशन किया गया है। जिसकी सूची जनपद के समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को विधिवत उपलब्ध करा दी गयी है। आयोग द्वारा निर्धारित समयसारिणी के अनुसार 17 नवम्बर से 16 दिसम्बर 2026 तक दावे-आपत्ति प्राप्त किये जायेंगे तथा अभियान अन्तर्गत प्राप्त प्रपत्र 06, 07 व 08 का निस्तारण 28 दिसम्बर 2026 तक करते हुए 04 जनवरी 2027 को मतदाता सूची का अन्तिम प्रकाशन किया जायेगा। पुनरीक्षण अभियान अन्तर्गत 28 व 29 नवम्बर 2026 विशेष अभियान तिथियां निर्धारित हैं। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 282-बलहा (अ.जा.) में क्रमशः 2344, 78 व 633 फार्म 06, 07 व 08 प्राप्त हुए है। इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र 283-नानपारा में 2181, 463 व 614, विधानसभा क्षेत्र 284-मटेरा में 1738, 376 व 457, विधानसभा क्षेत्र 285-महसी में 1371, 289 व 421, विधानसभा क्षेत्र 286-बहराइच में 1828, 504 व 904, विधानसभा क्षेत्र 287-पयागपुर में 1122, 201 व 264 तथा विधानसभा क्षेत्र 288-कैसरगंज में 1470, 353 व 513 इस प्रकार सातों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में क्रमशः 12054, 2264 व 3806 प्रपत्र 06, 07 व 08 प्राप्त हुए हैं। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार डीईओ पोर्टल पर प्रत्येक दिन प्राप्त हुए फार्म-6, फार्म-7 एवं फार्म-8 हेतु फार्मेट-9, 10, 11, 11ए, 11बी उपलब्ध है। जिलाधिकारी ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से अपेक्षा की है कि ऐसे नागरिक जो 01 जनवरी 2027 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहें हैं, या उससे पूर्व पूर्ण कर चुके हैं ।

केन्द्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएं

बलरामपुर। भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री व उत्तर प्रदेश के सहप्रभारी राजसभा सांसद प्रदीप कुमार वर्मा और क्षेत्रीय मंत्री गौरव भाटिया ने बुधवार को पार्टी कार्यालय अटल भवन पहुंचे। उनके पहुंचने पर पूर्व सांसद दद्दन मिश्र व पार्टी जिलाध्यक्ष रवि मिश्र ने पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ उनका स्वागत किया। इस दौरानआयोजित महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक में प्रदेश सह प्रभारी ने कहा कि संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने और केन्द्र तथा प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाया जाए। मंत्र दिया कि संगठन और कार्यकर्ता ही सर्वोपरि हैं।

कोटेदार संघ की बैठक में एसडीएम अमन देओल ने दिये निर्देश



कैसरगंज (बहराइच) तहसील सभागार कैसरगंज में कोटेदार संघ की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपजिलाधिकारी अमन देओल ने सभी कोटेदारों को मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान में सक्रिय सहयोग करने के निर्देश दिए।एसडीएम श्री देओल ने कहा कि सभी कोटेदार अपने-अपने गांव के बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) से संपर्क स्थापित करें और गांव में 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवाओं को मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए जागरूक करें। उन्होंने कहा कि पात्र युवाओं का नाम मतदाता सूची में शामिल कराने में कोटेदार अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं, जिससे कोई भी पात्र युवा मतदान के अधिकार से वंचित न रहे।उन्होंने कोटेदारों से बीएलओ के साथ समन्वय बनाकर अभियान को सफल बनाने की अपील की। बैठक में पूर्ति निरीक्षक दिवाकर सिंह, अमरजीत वर्मा सहित कोटेदार संघ के पदाधिकारी एवं अन्य लोग मौजूद रहे।